त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी साहित्य

कक्षा : VII
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

---

1. शीर्षक एवं कवि का नाम लिखकर कविता की पंक्तियाँ पूरी करें एवं सरलार्थ भी लिखें। **[1+1+6+4]**

बरसात..................................

....

....

....

....

......................................आती हवा ।

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ :- (शब्द उतारें) **[5+3]**

प्रलोभन, अवसर, शून्य, फिक्र, पुश्तैनी, बुजदिल, उत्साह, भाल, मंद, निर्वाह

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - **[4x5=20]**

(क) गरीबी में परिवार का निर्वाह कैसे होता था ?

(ख) सावित्री ने बच्चों को जुलूस देखने भेज तो दिया, परंतु बाद में पछताने क्यों लगी ?

(ग) कवि की कल्पना में हवा किस-किसके साथ खेलती है ?

(घ) विदेशों में भारतीयों के लिए क्या समस्या रहती है और क्यों ?

(ङ) चारों भाइयों ने मेहमान को विदा करते समय क्या कहा ? अपने शब्दों में लिखें ।

4. सागर का यह रंग उत्सव बड़ा ही सुहाना लग रहा है।

(क) 'ओस्लो-फियोर्ड' क्या है ? इसकी लंबाई कितनी है ? **[2]**

(ख) 'ओस्लो-फियोर्ड' को 'सागर-द्वार' क्यों कहा जाता है ? **[2]**

(ग) 'सागर का यह रंग उत्सव' से लेखक का क्या तात्पर्य (अर्थ) है ? **[2]**

5. किसने, किससे, कब और क्यों कहा ? **[12]**

(क) "कहीं-न-कहीं काम ढूँढना ही पड़ेगा।"

(ख) "उनका बेटा तो वही खान है, हम नहीं हैं।"

Downloaded From www.icseboard.org

6. **एक या दो शब्दों में उत्तर दें -** [10]

(क) सावित्री से कौन नाराज रहते थे ?

(ख) कितने बजे काली माता का जुलूस निकलने वाला था ?

(ग) कुँजड़िन क्या खरीदकर कर ले जाती थी ?

(घ) पहली बार किस त्योहार के अवसर पर दंगा हो गया था ?

(ङ) नार्वे की राजधानी का नाम क्या है ?

(च) 'सूरज चमके आधी रात' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(छ) सावित्री ने किसके साथ बच्चों को जुलूस देखने भेजा ?

(ज) 'कठोर-कर्म' के पीछे मेहमान के दिल में क्या था ?

(झ) नार्वे की मुद्रा का नाम क्या है ?

(ज) किस त्योहार के अवसर पर मेहमान फिर से आया ?

7. **निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध शब्द को शुद्ध कर वाक्य दोबारा लिखें।** [5]

(क) उनके घर के पास बगीचे में अनार का एक पेड़ था ।

(ख) कौए के आकार के पक्षी 'सीगल' के नाम से जाने जाते हैं ।

(ग) खान बिना उत्तर की प्रतीक्षा दिए सरसों तौलने लगा ।

(घ) लेखक के पास एक वातानुकूलित चीनी कार थी ।

(ङ) दशहरे के बाद एक दिन उनका एक रिश्तेदार उनके यहाँ आया ।

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंक के आधार पर दें -**

(क) सावित्री ने जब दंगे की बात खान को बताई, तब खान ने क्या उत्तर दिया ? [2]

(ख) लेखक ने नार्वे को अनोखा देश क्यों कहा है ? [2]

(ग) भोजन तैयार होने पर बड़े भाई ने क्या बहाना बनाया ? [2]

(घ) वर्त्तनी शुद्ध करें - प्रतिषिठित, दूरदरशी [1]

Downloaded From www.icseboard.org